

SHRI AJAY THAKUR

Shri Ajay Thakur is a professional Indian international Kabaddi player and current captain of the Indian national kabaddi team. He was the star player of the 2016 Kabaddi World Cup final. India won the 2016 Kabaddi World Cup due to his stunning performance combined with a great team effort. He was also a key player in the Indian kabaddi team that won the Gold medal at the Incheon Asian Games in 2014. Thakur has over 14 years of professional experience in Kabaddi.

2. Born on May 1, 1986 in Dabhota, Nalagarh, Himachal Pradesh, Shri Thakur completed his schooling from GSSS Dabhota in 2003 and thereafter went to Govt PG College Bilaspur form where he graduated in 2008. He has represented Indian National kabaddi team since 2007 and on recognizing his immense contribution by bringing glory to the tiny hill state, the Himachal Pradesh Government appointed him as Deputy Superintendent of Police in Himachal Pradesh Police Service in 2017.

3. Shri Thakur is a true leader on the court in every sense, not only does he boast immense influence as a hugely experienced player but he also leads the team with his performances and his efforts to carry the team. He is especially known to draw out his team from critical situations single-handedly. His signature moves arc the frog jump and the conning hand touch, Thakur has mastered the Art of frog jump, which is a visual spectacle as he jumps with his feet splayed apart, tagging defenders while airborne and landing to safety beyond the reach of the defenders.

4. Shri Thakur was inspired by his cousin brother, Rakesh who had already represented India in Kabaddi at international level. This inspiration led him to play the game at school and college level with utmost rigor and his efforts finally paid him off and his dream of representing India at international level turned into reality in 2007 when he played his first match against South Korea. Since then there has been no looking back and has brought laurels for his country by winning many international medals such as Gold at 2007 Asian Indoor Games, Gold at 2013 Asian Indoor and Martial Arts Games, Gold at 2014 Asian Games, Gold at 2016 Kabaddi World Cup, Gold at 2017 Asian Kabaddi Championship, Gold at 2018 Masters Dubai Cup, Bronze medal at the 2018 Asian Games.

5. In 2014, a professional-level Kabaddi league, Pro Kabaddi league stared in India and Shri Ajay Thakur has been an outstanding player in it too. He represented team Bengaluru Bulls and Puneri Paltan in first four editions of the league and currently is the captain of team Tamil Thaliavas. He is the 3rd highest Raid Points scorer in the list of all-time best raiders of the league.

श्री अजय ठाकूर



श्री अजय ठाकूर अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पेशेवर भारतीय कबड्डी खिलाड़ी हैं तथा भारत की वर्तमान राष्ट्रीय कबड्डी टीम के कप्तान हैं। आप 2016 कबड्डी विश्व कप टीम के फाइनल मैच के चमकते खिलाड़ी थे। भारत ने आपके शानदार प्रदर्शन तथा टीम के असाधारण प्रयासों के बल पर 2016 का कबड्डी विश्व कप जीता था। आप 2014 के इंचिऑन एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले भारतीय कबड्डी टीम के प्रमुख खिलाड़ी भी थे। आपके पास कबड्डी में 14 वर्षों का पेशेवरतापूर्ण अनुभव है।

2. आपका जन्म 1 मई, 1986 को दाभोटा, नालागढ़, हिमाचल प्रदेश में हुआ था। आपने 2003 में जीएसएसएस, दाभोटा, से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की तथा तत्पश्चात् राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बिलासपुर से 2008 में आपने स्नातक किया। आप 2007 से भारतीय राष्ट्रीय कबड्डी टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। एक छोटे से पर्वतीय क्षेत्र का नाम रोशन करने में आपके असाधारण योगदान का सम्मान करते हुए, हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा आपको 2017 में हिमाचल प्रदेश पुलिस सेवा में उप पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया।

3. श्री ठाकूर खेल के मैदान में हर दृष्टि से वास्तव में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। आप न केवल अत्यधिक अनुभवी खिलाड़ी के रूप में प्रभाव रखते हैं बल्कि अपने प्रदर्शनों तथा टीम को संभालने के प्रयासों के साथ टीम का नेतृत्व भी करते हैं। आप अपने अकेले दम पर टीम को कठिन परिस्थितियों से बाहर निकालने के लिए विशेष रूप से जाने जाते हैं। फ्रॉग जम्प तथा कॉनिंग हैंड टच आपकी प्रमुख चालें हैं, आप फ्रॉग जम्प की कला में दक्ष हैं जोकि आपके द्वारा पैर फैलाकर कूदते हुए, हवा में प्रतिद्वंदी को पकड़ते हुए और प्रतिद्वंदी की पकड़ से बाहर सुरक्षित उतरते हुए देखने पर साफ प्रकट होती है।

4. आप अपने रिश्ते के भाई राकेश से प्रेरित हुए जो पहले ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कबड्डी में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके थे। इसी प्रेरणा ने आपको स्कूल और कॉलेज स्तर पर अत्यंत दृढ़ता के साथ खेलने का मार्ग दिखाया तथा अंतत: आपके प्रयास फलीभूत हुए और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने का आपका सपना 2007 में पूरा हुआ, जब आपने दक्षिण कोरिया के विरुद्ध अपना पहला मैच खेला। तब से लेकर आज तक आपने पीछे मुड़कर नहीं देखा और अनेक अंतर्राष्ट्रीय पदक नामत: 2007 के एशियाई इंडोर खेलों में स्वर्ण, 2013 के एशियाई इंडोर एवं मार्शल आर्ट खेलों में स्वर्ण, 2014 के एशियाई खेलों में स्वर्ण, 2016 के कबड्डी विश्व कप में स्वर्ण, 2017 की एशियाई कबड्डी चैम्पियनशिप में स्वर्ण, 2018 के मास्टर्स दुबई कप में स्वर्ण, 2018 के एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतकर आपने अपने देश का नाम रोशन किया।

5. 2014 में, पेशेवर स्तर की कबड्डी लीग, प्रो कबड्डी लीग भारत में शुरू की गई तथा आप इसमें भी एक उत्कृष्ठ खिलाड़ी रहे हैं। आपने लीग के पहले चार आयोजनों में टीम बेंगलुरू बुल्स और पुनेरी पलटन का प्रतिनिधित्व किया तथा वर्तमान में आप टीम तमिल थालियावास के कप्तान हैं। आप लीग के अब तक के बेहतरीन रेडर्स की सूची में सबसे अधिक रेड पांइट प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में तीसरे स्थान पर हैं।